दिनांक 26 जुलाई, 2024 को 12:30 विभागाध्यक्ष कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज की अध्यक्षता में विभागीय समीक्षा बैठक की कार्यवृतः–

उपस्थितिः–

1. डा0 बी0 डी0 के0 पात्रों, विभागाध्यक्ष, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग विभाग।
2. डा0 विवेक श्रीवास्तव, सहायक प्रध्यापक, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग विभाग।
3. श्री अभिषेक बाजपेई, सहायक प्रध्यापक, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग विभाग।
4. श्री शशांक यादव, सहायक प्रध्यापक, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग विभाग।
5. श्री नवीन तिवारी, सहायक प्रध्यापक, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग विभाग।

बैठक मे निम्न निर्णय लिये गयेः–

1. सर्वसम्मति से यह निर्णय हुआ कि छात्र/छात्राओं के अकादमिक वर्ष 2024–25 के लिए द्वितीय, तृतीय, एवं चतुर्थ वर्ष प्रोजेक्ट सह–समन्वयक नीचे सारिणी के अनुसार नामित किये गएः–

क्र0सं0	सह–समन्वयक का नाम	वर्ष
01	डा0 विवेक श्रीवास्तव	द्वितीय वर्ष
02	श्री अभिषेक बाजपेई	तृतीय वर्ष
03	श्री शशांक यादव	चतुर्थ वर्ष

2. सर्वसम्मति से यह निर्णय हुआ कि चतुर्थ वर्ष इंटर्नशिप समन्वयक के रूप में श्री नवीन कुमार तिवारी को नामित किया गया।

3. सर्वसम्मति से यह निर्णय हुआ कि तृतीय वर्ष के छात्र/छात्राओं के प्रोजेक्ट हेतु सुपरवाईजर अग्रिम चतुर्थ वर्ष में वही रहेंगे।

4. सर्वसम्मति से यह निर्णय हुआ कि छात्र/छात्राओं के प्रोजेक्ट हेतु प्रत्येक सप्ताह के अपराह्न 20 छात्र/छात्राओं का समिति के समक्ष प्रस्तुतिकरण होगा–

बुधवार	–	चतुर्थ वर्ष
वृहस्पतिवार	–	तृतीय वर्ष
शुक्रवार	–	द्वितीय वर्ष

5. दिनांकः 24.07.2024 को विभागाध्यक्षों की बैठक में लिए गए निर्णय बिन्दु सं0 03 के क्रम में अवगत कराया गया कि सत्र 2023–24 के सम सेमेस्टर में द्वितीय चरण की प्रयोगात्मक/आतंरिक अंकों (Theory Sessional/Practicle Sessional) को दिनांकः 31/07/2024 तक ई0आर0पी0 के माध्यम से अपलोड करना सुनिश्चित करें एवं उसकी हस्ताक्षरित हार्ड कापी दिनांकः 31/07/2024 को विभागाध्यक्ष कार्यालय भेजना सुनिश्चित करेंगे।

6. कम्प्यूटर साइंस एंड इंजी विभाग की पाठ्यक्रम के प्रयोगशालाओं की साज–सज्जा/उच्चीकरण, उपकरणों, फर्नीचरों एवं प्रयोगशालाओं में मशीन एवं अन्य क्रय करने हेतु चर्चा हुई। जिससे सम्बन्धित विस्तृत प्रस्ताव श्री नवीन कुमार तिवारी दिनांक 10/08/2024 तक तैयार कर के विभाग में जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

7. सर्वसम्मति से समस्त प्राध्यापकों को जिम्मेदारी दी जाती है कि वह छात्रों को गेट एवं प्लेसमेंट के लिए प्रोत्साहित करें और उचित मार्गदर्शन प्रदान करें।

8. समस्त प्राध्यापकों एवं अतिथि व्याख्याताओं को छात्र/छात्राओं की कक्षाओं को नियमित समय सारणी के अनुसार लेने का आग्रह किया गया।

Scanned with OKEN Scanner

9. सर्वसम्मति से समस्त प्राध्यापकों से आग्रह किया गया कि छात्र/छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु प्रति सेमस्टर में कम से कम एक Higher study/placement/Entrepreneurship आदि के सम्बन्ध मे Invited talk/motivational talk/सेमिनार/कार्यशाला/क्विज/इत्यादि को आयोजित कराना सुनिश्चित करें।

10. सर्वसम्मति से कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग में कोडिंग की प्रतिस्पर्धा बढाने हेतु, छात्रों में कोडिंग के नवाचार और शोध में बढावा प्राप्त करने के लिए तथा साइबर सुरक्षा के लिए अवगति देने के लिए Awareness talk और Quiz एवं IEI CSE Student Chapter, IEEE द्वारा विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों के कार्यक्रमों का आयोजन कराने के लिए सभी प्राध्यापकों से आग्रह किया गया।

11. संस्थान में कम्प्यूटर साइंस एंड इंजी विभाग में NBA (National Board of Accreditation)/NAAC होना प्रस्तावित है। जिसके सम्बन्ध में NBA के सफल संचालन एवं क्रियान्वयन हेतु समस्त प्राध्यापक Course File इत्यादि की तैयारी कराना सुनिश्चित करें। जिससे अतिशीघ्र विभाग में NBA/NAAC हो सके।

12. विभाग में शोध व नवाचार संवर्धन के लिए समस्त प्राध्यापकों से आग्रह किया गया की वह प्रति वर्ष कम से कम दो–तीन या उससे अधिक शोध पत्र प्रकाशित करेंगें।

विभागाध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापित करने के उपरान्त बैठक सम्पन्न हुई।

श्री नवीन कुमार तिवारी सहायक– प्रध्यापक	श्री अशोक यादव सहायक– प्रध्यापक	श्री अभिषेक बाजपेई सहायक– प्रध्यापक	डा0 विवेक श्रीवास्तव सहायक– प्रध्यापक

डा0 बी0डी0के0 पात्रों
विभागाध्यक्ष

Scanned with OKEN Scanner